dc press final:Layout 1 21-03-2026 07:56 Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

www.delhicrimepress.com
info@delhicrimepress.com

RNI No. DELHIN/2005/15378 ● DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 ● वर्ष-22 ● 15 मार्च 2026 से 14 अप्रैल 2026 ● अंक-06 एवं 07 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-10रू

## मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति से की बातचीत, बुनियादी ढांचे पर हमले की निंदा की




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में पिछले 22 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से शनिवार को टेलीफोन कर बातचीत की और ईद एवं नवरोज की बधाई दी। मोदी ने आशा व्यक्त की कि यह त्योहारों का मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लेकर आएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हालिया हमलों पर चिंता जताई और उनकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित करते हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा डालते हैं। प्रधानमंत्री ने नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्ग खुले और सुरक्षित रहें।

इसके अतिरिक्त मोदी ने ईरान द्वारा देश में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने में दिए जा रहे निरंतर सहयोग को लेकर सराहना की। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह टेलीफोन पर दूसरी बातचीत है, जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर चर्चा की गई। इससे पहले उन्होंने 12 मार्च को टेलीफोन पर बातचीत की थी।

## दिल्ली क्राइम के गुरूग्राम ब्रांच आफिस में ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

**दिनेश शर्मा/दिल्ली क्राइम प्रैस**



15 मार्च रविवार के दिन, दिल्ली क्राइम प्रैस के सह-कार्यकारी संपादक दिनेश शर्मा तथा दिल्ली क्राइम के जाने माने लीडर तथा सक्रिय पत्रकार अशोक कुमार की अध्यक्षता में, गुरूग्राम स्थित दिल्ली क्राइम के आफिस में लीडर्स के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस ट्रेनिंग सेशन की सूचना पहले ग्रुप में दी गई तथा अलग-अलग टीमों के लीडर्स को ट्रेनिंग हेतु आमंत्रित किया गया। इस ट्रेनिंग सेशन में लीडर्स में स्टेज पर बोलने तथा दिल्ली क्राइम प्रैस से संबंधित जानकारी देने वाले प्रश्न पूछे गये थे तथा सभी के उत्तर तय समय सीमा के भीतर ही देने थे। प्रत्येक उत्तर के साथ लीडर्स के आत्मविश्वास, प्रस्तुतीकरण, भाषा शैली तथा विषय वस्तु की जानकारी के अनुसार निरीक्षण किया गया। इस ट्रेनिंग सेशन के लिए शंभू प्रसाद, छोटू कुमार, रोहित कुमार, अनिता भोज, डॉ आनन्द शुक्ला तथा एक अति उत्साही नये सदस्य अमर सिंह थापा उपस्थित थे। ट्रेनिंग के समापन पर सभी लीडर्स के उत्तरों के तथा अन्य मानकों के अनुसार, उनकी कमियों को बताया गया तथा सुधार हेतु, आवश्यक कदम भी बताए गये। उपस्थित सभी लीडर्स ने इस ट्रेनिंग को बहुत पसंद किया तथा ऐसे ट्रेनिंग कार्यक्रमों को सतत करते रहने हेतु प्रार्थना भी की क्योंकि ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान उनको अपनी कमियों के विषय में जानकारी हुई तथा उनके निवारण हेतु दिए गये सुझाव भी पसंद आए। कार्यक्रम के समापन पर सभी सदस्यों ने एक साथ खड़े हो कर फोटो खिंचवाई तथा अपनी-अपनी टीमों की किट व बैनर अशोक कुमार और दिनेश शर्मा के द्वारा लेते हुए फोटो भी खिंचवाई।

## ईरान ने यूएई को चेताया - हम पर हमला हुआ तो रास-अल-खैमाह शहर को तबाह कर देंगे

**तेहरान।** ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमीरात की धरती से ईरान के द्वीपों अबू मूसा और ग्रेटर तुन्ब पर हमला किया गया तो ईरान, यूएई के रास अल खैमाह शहर पर भारी हमले कर उसे तबाह कर देगा। तेहरान ने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता के खिलाफ किसी भी "लॉन्चिंग पॉइंट" को निशाना बनाएगा और ऐसी कार्रवाई पहले घोषित की जा चुकी है। समाचार पत्र फिलिस्तीन क्रॉनिकल के अनुसार, ईरान के 'खातम अल-अनबिया' केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फ कारी ने स्पष्ट रूप से कहा, "हम रास अल खैमाह पर हमला करेंगे यदि यूएई के क्षेत्र से अबू मूसा और ग्रेटर तुन्ब द्वीपों पर आक्रामकता दोहराई जाती है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता के खिलाफ किसी भी "लॉन्चिंग पॉइंट" को निशाना बनाएगा, और ऐसी कार्रवाई पहले घोषित की जा चुकी है तथा व्यवहार में साबित भी हो चुकी है। यह चेतावनी हाल के क्षेत्रीय तनाव के बीच आई है, जहां ईरान ने अमेरिका और इजराइल के




साथ चल रहे संघर्ष में कई मिसाइल हमले किए हैं। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि हालिया हमलों में यूएई की भूमिका रही है, खासकर अबू मूसा और खार्ग द्वीपों पर। जुल्फि कारी ने यूएई के नागरिकों से अपील की कि वे बंदरगाहों, डॉकों और अमेरिकी ठिकानों से दूर रहें, ताकि किसी संभावित जवाबी कार्रवाई में निर्दोषों को नुकसान न पहुंचे। कुछ रिपोर्टों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने रास अल खैमाह के निवासियों के लिए निकासी का नक्शा भी जारी किया है, जिसमें हमले की आशंका जताई गई है। ईरान की संसदीय राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि विरोधी अब "हताशा" की स्थिति में हैं। वे अपनी जनता को जीत का भरोसा नहीं दिला पा रहे और गलत सूचना का सहारा ले रहे हैं। अजीजी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित ईरान द्वारा थोपी गई वास्तविकताओं को अमेरिका बदल नहीं सकता। उन्होंने अमेरिकी अतिरिक्त सैन्य तैनाती और संभावित नौसैनिक नाकाबंदी की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे कदम रणनीतिक संतुलन नहीं बदलेंगे बल्कि स्थिति बिगाड़ेंगे। ईरान उच्चतम सैन्य तत्परता पर है और "निर्णायक जवाबी कार्रवाई" के लिए तैयार है। हाल के मिसाइल हमले बदला लेने और एकजुट प्रतिरोध मोर्चे को मजबूत करने का हिस्सा हैं।

अजीजी ने हिज्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह सहित अन्य नेताओं की मौत के बाद "प्रतिरोध धुरी" के कमजोर होने के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि लेबनान सहित कई क्षेत्रों में मोर्चे की सैन्य क्षमता बढ़ी है। उन्होंने क्षेत्रीय सरकारों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र को ईरान के खिलाफ इस्तेमाल न होने दें और अमेरिकी सेनाओं की वापसी की मांग की। ईरान का मानना है कि विदेशी सैन्य उपस्थिति समाप्त होना ही संकट से निकलने का रास्ता है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा कर यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आज प्रधानमंत्री का मूल्यवान मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और दिल्ली के प्रति विशेष स्नेह से हमें हमेशा नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान दिल्ली के समग्र विकास, बुनियादी ढांचे की मजबूती और जन-आकांक्षाओं की पूर्ति के संकल्प पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन और सतत सहयोग से हम अपनी दिल्ली को प्रगति, समृद्धि और सुशासन की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सतत प्रेरणा और अपना बहुमूल्य समय देने के लिए प्रधानमंत्री का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## निर्मम होती दिल्ली: तरुण हत्याकांड

**विशेष संवाददाता**
**दिल्ली क्राइम प्रैस**



सनद रहे कि 4 मार्च, रंगोत्सव होली के दिन उत्तम नगर की जे जे कालोनी में रहने वाले तरुण कुमार की हत्या उस के पड़ोस में रहने वाले लोगों द्वारा कर दी गई। पुलिस के अनुसार दोनों परिवार लगभग 5 दशकों से एक-दूसरे के पड़ोसी थे तथा उनके बीच पार्किंग व कूड़ा-करकट निपटान पर छोटे-मोटे झगड़े होते रहते थे। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि 11 वर्षीय बच्ची अपनी छत से होली खेल रही थी। इसी दौरान उसकी ओर से फेंका गया एक गुब्बारा नीचे गिर गया और वहां गुजर रही मुस्लिम समुदाय की एक महिला पर रंग के छींटे लग गए। बच्ची के परिवार ने बताया कि उन्होंने मुस्लिम समुदाय की महिला से तुरंत माफी मांग ली थी। इसके बावजूद, महिला ने हंगामा खड़ा कर दिया और उसके परिजन और रिश्तेदार भी वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन लोगों ने 26 वर्षीय तरुण कुमार को घेर लिया और क्रिकेट बैट, लाठियों और पत्थरों से हमला कर दिया।

**शेष भाग पेज नम्बर 8 पर**

## यूजीसी के नये नियम की मार: सामान्य वर्ग छात्र बेहाल

**दिनेश शर्मा/दिल्ली क्राइम प्रैस**




यूजीसी के ये नए नियम, जो 15 जनवरी 2026 से प्रभावी हैं, कैंपस में किसी भी तरह के भेदभाव को रोकने के लिए हैं, परन्तु इस नये नियमानुसार उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति-आधारित भेदभाव रोकने वाले नए नियमों को लेकर जनता और छात्रों में मिश्रित प्रतिक्रिया है। जहां एक तरफ इसे सामाजिक न्याय की ओर एक बड़ा कदम बताया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर सवर्ण संगठनों और छात्रों के एक वर्ग द्वारा यह आरोप लगाकर विरोध किया जा रहा है कि यह कदम सामाजिक सद्भाव बिगाड़ सकता है और सामान्य वर्ग के खिलाफ है। मुख्य विरोध OBC वर्ग को 'जातिगत भेदभाव' के दायरे में शामिल करने और नियमों को कड़ा करने के कारण हो रहा है। प्रदर्शनकारी छात्रों का मानना है कि इससे परिसर में जातिगत संघर्ष बढ़ेगा और सामाजिक संतुलन बिगड़ेगा तो सामान्य वर्ग में यह डर है कि यह नियम प्रतिभा को नजरअंदाज कर सकते हैं और गलत इस्तेमाल किए जा सकते हैं। उनके अनुसार इस नये नियम के दुरुपयोग होने पर उनके बच्चों को झूठे मुकदमों में फंस-कर उनका भविष्य खतरे में पड़ने की पूरी-पूरी संभावना है। इस

**शेष भाग पेज नम्बर 3 पर**

## रामलीला ग्राउंड स्थित सार्वजनिक शौचालय में गंदगी का अंबार



बगरैन-बिसौली रोड पर स्थित रामलीला ग्राउंड के पास बने सार्वजनिक शौचालय की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। शौचालय के अंदर चारों तरफ गंदगी फैली हुई है और कूड़ा-करकट जमा होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय के अंदर की स्थिति ऐसी हो गई है कि जाना भी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह कूड़ा पड़ा है और साफ-सफाई का कोई इंतजाम दिखाई नहीं देता। इससे आसपास के लोगों और राहगीरों में नाराजगी देखी जा रही है। यह शौचालय ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है, लेकिन ग्राम प्रधान और सफाईकर्मी की अनदेखी के चलते यहां नियमित सफाई नहीं हो पा रही है, जिसके कारण शौचालय बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे अभियानों के बीच यह स्थिति कई सवाल खड़े करती है।

**बदायूं से संवाददाता एके सोनी**

## हरिद्वार के सलेमपुर में दिल्ली क्राइम प्रेस की बैठक करते हुए



**हरिद्वार, 08 मार्चः** उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित सलेमपुर चौक पर राष्ट्रीय सनातनी संगठन के कार्यालय में "दिल्ली क्राइम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा" राष्ट्रीय हिंदी समाचार पत्र की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले से डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर सतेंद्र सैनी और जोनल एडवाइजर निखिल सैनी ने शिरकत की। उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी फैमिली "दिल्ली क्राईम प्रेस" के उद्देश्यों से उत्तराखंड टीम को अवगत कराया। साथ ही, नए न्यूज एसोसिएट बालेश जी को सदस्यता किट प्रदान की गई। बैठक में मुख्य रूप से आर.एस.एस. ट्रस्ट के संस्थापक एवं अखबार के एड एसोसिएट पंकज सैनी, देवभूमि जागृति फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं अखबार के न्यूज एसोसिएट आशीष सैनी, नए कार्यकर्ता बालेश सैनी, एरिया एडवाइजर राकेश कुमार, रिटायर्ड टीचर मधु गुप्ता सहित अन्य सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। यह बैठक भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और संगठन विस्तार के उद्देश्य से आयोजित की गई।

## पुलिया बंद होने से मेन चौराहा व प्राइमरी स्कूल के सामने जलभराव



ग्राम पंचायत बगरैन में बढ़ी परेशानी स्थानः ग्राम पंचायत बगरैन, तहसील बिसौली, जनपद बदायूंबगरैन के मेन चौराहा स्थित प्राइमरी स्कूल के सामने पुलिया बंद होने के कारण भारी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। पुलिया में कूड़ा-कचरा फंसा होने से पानी की निकासी रुक गई है, जिससे गंदा पानी सड़क और मेन चौराहे पर जमा हो गया है।जमा पानी से दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की आशंका है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, अभिभावकों और राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों ने पंचायत और संबंधित विभाग से मांग की है कि बंद पड़ी पुलिया की तत्काल सफाई कराई जाए तथा अधूरी पड़ी पीसीसी सड़क का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

**संवाददाता : ए.के सोनी (बदायूं)**

# वैजापुर में थकबाकीदारों पर नगर परिषद की सख्त कार्रवाई, तीन दुकानों पर सील



वैजापुर में थकबाकीदारों पर नगर परिषद की सख्त कार्रवाई, तीन दुकानों पर सील वैजापुरः शहर में बकाया वसूली के लिए वैजापुर नगर परिषद ने थकबाकीदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्याधिकारी भागवत बिघोत के निर्देश पर नगर परिषद प्रशासन ने शहर में सील अभियान चलाते हुए कई बकायेदारों पर कार्रवाई की। इस अभियान के तहत स्टेशन रोड स्थित स्वर्गीय बालासाहेब पवार व्यापारी संकुल में तीन दुकानों को सील कर नगर परिषद के कब्जे में ले लिया गया। कार्रवाई के दौरान एक गाला धारक ने अपनी चार लाख रुपये की बकाया राशि तुरंत जमा कर दी। इसके अलावा पानीपट्टी और घरपट्टी का भुगतान न करने वाले कुछ घरों के पानी कनेक्शन भी बंद कर दिए गए हैं। नगर परिषद प्रशासन के अनुसार संबंधित बकायेदारों को कई बार नोटिस दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की गई, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। नगर परिषद की ओर से बताया गया कि शहर के विभिन्न प्रभागों में अभियान लगातार जारी है। थकबाकीदारों की सूची तैयार कर चरणबद्ध तरीके से पानी कनेक्शन काटे जा रहे हैं और जिन व्यावसायिक गालों का किराया बकाया है, उन दुकानों को भी सील किया जाएगा। मुख्याधिकारी भागवत बिघोत ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द बकाया राशि जमा कर जप्ती की कार्रवाई से बचें। बकाया राशि जमा करने के बाद पानी कनेक्शन दोबारा शुरू किया जाएगा और सील किए गए गालों को खोलने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**रिपोर्टर : अशोक वर्णे**
**दिल्ली क्राइम प्रेस**

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने के मामले में मामला दर्ज



**वैजापुर (प्रतिनिधि):** बुलढाणा जिले के चिखली में हुई घटना की पृष्ठभूमि पर इंस्टाग्राम अकाउंट पर भड़काऊ भाषण का वीडियो अपलोड कर दो समुदायों के बीच वैमनस्य और नफरत फैलाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी का नाम उमेश जगताप बताया जा रहा है, जो तालुका के खंडाला क्षेत्र का निवासी है। गोपनीय शाखा के अमलदार ज्ञानेश्वर मेटे द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. विनायकुमार राठोड़, अपर पुलिस अधीक्षक अनुपूर्णा सिंह तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी भगवत फुंदे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक सत्यजीत तायडवाले द्वारा की गई। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ भाषण, गलत संदेश, वीडियो या रील पोस्ट करने से बचें। ऐसे कृत्य करने वालों के खिलाफ प्रचलित कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी पुलिस निरीक्षक सत्यजीत तायडवाले ने पत्रकारों को दी।

**रिपोर्टर:अशोक मोहनराव वर्णे**

## गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, हरचंदपुर में प्रतिभाओं का सम्मान

हरचंदपुर स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपने छात्रों की प्रतिभा को सराहा। स्कूल द्वारा आयोजित आत्म विश्लेषण टेस्ट सह प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य एम.डी. चंद तथा अन्य शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और अच्छे अंक प्राप्त किए। इस मौके पर बच्चों को प्रमाण-पत्र के साथ-साथ किताबें, गिफ्ट और अन्य पुरस्कार दिए गए। एक समूह फोटो में सभी विजेता छात्र-छात्राएं अपने प्रमाण-पत्र और पुरस्कार थामे नजर आए। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में अभिभावक भी मौजूद रहे और बच्चों के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया। प्राचार्य ने बताया कि इस तरह के टेस्ट बच्चों में आत्म-मूल्यांकन की क्षमता विकसित करते हैं। इससे न केवल उनकी पढ़ाई में सुधार होता है, बल्कि भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी वे तैयार होते हैं। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक बच्चा अपनी क्षमताओं को पहचाने और उच्च दिशा में आगे बढ़े। ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।"कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक स्टाफ ने भी बच्चों को प्रेरित किया। बच्चों ने बताया कि इस प्रतियोगिता से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला और आगे बेहतर करने का जज्बा बढ़ा। स्कूल प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी छात्रों और उनके अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल की सक्रियता को दशार्ता है। **रिपोर्ट - लव कुमार**

# मजदूर युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार



**वैजापुर (छत्रपति संभाजीनगर):** वैजापुर पुलिस ने मजदूर युवक का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 मार्च 2026 को शाम लगभग 6:45 बजे वैजापुर कोर्ट परिसर में नई इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था, जहां बिहार राज्य से मजदूरी के लिए आए मजदूर काम कर रहे थे। इनमें से इमरान अलीम अंसारी (उम्र 19 वर्ष) नामक युवक वैजापुर शहर के झगडा फाटा इलाके में मछली खरीदने गया था। मछली लेकर वापस लौटते समय बोथरा पेट्रोल पंप के सामने तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आए और युवक को जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने साथ ले गए। आरोपियों ने युवक के मोबाइल फोन से उसके घरवालों को फोन कर 15,000 रुपये की फिरौती की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही वैजापुर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत तीन विशेष जांच दल गठित किए और आरोपी तथा अपहृत युवक की तलाश शुरू की। इसी दौरान फिरौती देने में देरी होने पर आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट की और उसके पास से मोबाइल फोन (2000 रुपये), 300 रुपये नकद, 3000 रुपये की चांदी की चेन और 1000 रुपये की डिजिटल घड़ी सहित कुल 6300 रुपये का सामान छीन लिया। इसके बाद आरोपियों ने युवक को डावाळा फाटा, कोपरगांव रोड के पास रात करीब 11:45 बजे छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने युवक को सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर वैजापुर पुलिस स्टेशन लाया और उसकी शिकायत के आधार पर अज्ञात तीन व्यक्तियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 162/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 140(2), 309(1), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने शहर और आसपास के क्षेत्रों के 50 से 60 CCTV कैमरों की जांच कर आरोपियों की पहचान की और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के नामः शिवम सुभाष सुरडकर (उम्र 31 वर्ष), निवासी - वही मस्जिद क्षेत्र, वैजापुर सचिन बालू गोरे (उम्र 29 वर्ष), निवासी - मसनखाई, वैजापुर पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया, जिसके बाद उनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई। इस मामले में तीसरा आरोपी सचिन मुरलीधर पवार (निवासी - खंडोबा नगर, वैजापुर) फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इस मामले की जांच पोलीस उपनिरीक्षक एकनाथ नागरगोजे कर रहे हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. विनयकुमार एम. राठोड, अपर पुलिस अधीक्षक अन्नपूर्णा सिंह, तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी भागवत कुंदे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक सत्यजीत ताईतवाले के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

**रिपोर्टर: अशोक मोहनराव वर्णे**

dc press final:Layout 1 21-03-2026 07:56 Page 3



सम्पादकीय, नरेंद्र कुमार

# साझा चूल्हा: संकट से समाधान की राह

रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर समय-समय पर देश में राजनीतिक बहस तेज हो जाती है। विपक्ष इसे आम आदमी पर बढ़ते आर्थिक बोझ के रूप में उठाता है, तो सत्ता पक्ष अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक परिस्थितियों का हवाला देता है। यह बहस लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, क्योंकि महंगाई और जीवनयापन की लागत सीधे जनता के जीवन को प्रभावित करती है। लेकिन इस पूरे विमर्श में अक्सर एक महत्वपूर्ण पक्ष छूट जाता है—समाज की अपनी सामूहिक शक्ति और संकट के समय मिल-जुलकर समाधान खोजने की क्षमता। भारतीय समाज की मूल संरचना ही सामूहिकता पर आधारित रही है। यहां परिवार केवल पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित नहीं होता, बल्कि विस्तृत रिश्तों और समुदाय के साथ जुड़ा रहता है। गांवों में तो यह भावना और भी गहरी दिखाई देती है, जहां कठिन परिस्थितियों में पूरा समाज एक-दूसरे के साथ खड़ा होता है। इसी सामाजिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रहा है - साझा चूल्हा। साझा चूल्हा केवल भोजन पकाने का साधन नहीं था, बल्कि वह सामूहिक जीवन की भावना का केंद्र था। सीमित संसाधनों के दौर में कई परिवार मिलकर एक ही चूल्हे पर भोजन बनाते थे। इससे ईंधन की बचत होती थी, श्रम का बंटवारा होता था और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि समाज के लोगों के बीच संवाद और अपनापन बना रहता था। भोजन केवल पेट भरने का माध्यम नहीं रहता था, बल्कि वह सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर बन जाता था। समय के साथ जीवनशैली में बदलाव आया। तकनीकी विकास, शहरीकरण और आर्थिक प्रगति ने जीवन को सुविधाजनक तो बनाया, लेकिन सामूहिक परंपराओं को धीरे-धीरे कमजोर भी किया। आज लगभग हर घर में अलग रसोई और अलग चूल्हा है। यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का प्रतीक भी माना जाता है। लेकिन इसके साथ ही समाज में एक प्रकार की दूरी भी बढ़ी है। पड़ोस में रहने वाले लोग भी कई बार एक-दूसरे से अपरिचित रह जाते हैं। इसी संदर्भ में जब गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों की चर्चा होती है, तो हमें केवल राजनीतिक बहस तक सीमित रहने के बजाय सामाजिक दृष्टि से भी सोचने की आवश्यकता है। क्या हम अपनी परंपराओं से कोई ऐसी सीख ले सकते हैं जो आज की परिस्थितियों में भी उपयोगी हो? साझा चूल्हा का विचार इसी दिशा में एक प्रेरक उदाहरण हो सकता है। हमारे समाज में भंडारे और लंगर की परंपरा सदियों से चली आ रही है। धार्मिक आयोजनों, मंदिरों, गुरुद्वारों और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में हजारों लोग एक ही रसोई से भोजन प्राप्त करते हैं। वहां न जाति का भेद होता है, न आर्थिक स्थिति का। सभी लोग एक साथ बैठकर भोजन करते हैं। यह परंपरा केवल सेवा भावना ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और एकता का भी प्रतीक है। यदि समाज ऐसे बड़े आयोजनों में सामूहिक रसोई को सहजता से स्वीकार कर सकता है, तो फिर रोजमर्रा के जीवन में इस विचार को अपनाने में संकोच क्यों? यह आवश्यक नहीं कि हर जगह बड़े स्तर पर सामुदायिक रसोई स्थापित की जाए, लेकिन छोटे-छोटे स्तर पर भी सहयोग की भावना विकसित की जा सकती है।

शेष भाग पेज नम्बर 1 का

**यूजीसी के नये नियम की मार: सामान्य वर्ग छात्र बेहाल ...**
विरोध की समीक्षा करने से पूर्व, यह जानना आवश्यक है कि यूजीसी क्या है? इसकी स्थापना का उद्देश्य क्या था? इसके अधिकार क्या हैं? नये नियम को जोड़ने की आवश्यकता क्यों आन पड़ी तथा उसके प्रबल विरोध का कारण क्या है? यूजीसी की स्थापना 28 दिसंबर 1953 को हुई थी। इसका मुख्यालय बहादुरशाह जफर मार्ग, दिल्ली में है। यह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाला वैधानिक निकाय है। यह उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, समान अवसर व नियमन से जुड़ी शीर्ष संस्था है। इसके वर्तमान अध्यक्ष विनीत जोशी हैं, जिनको अप्रैल 2025 में प्रोफेसर एम. जगदीश कुमार की सेवानिवृत्ति के पश्चात अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यूजीसी का मुख्य कार्य, देश में विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा को व्यवस्थित करना तथा उसकी गुणवत्ता बनाए रखना है।

यूजीसी विश्वविद्यालयों व कालेजों में पढ़ाई, परीक्षा तथा रिसर्च के मानक तय करता है व उच्च शिक्षण संस्थानों को अनुदान (ग्रांट्स) देने की जिम्मेदारी भी इसी के पास होती है। इसके अतिरिक्त यूजीसी केन्द्र व राज्य सरकारों को, उच्च शिक्षा के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी सलाह भी देता है। यूजीसी के पास संसद के समान, कानून बनाने की शक्ति नहीं होती, यह रेग्यूलेशंस तथा गाइडलाइंस जारी कर सकता है। ये नियम जब गजट आफ इंडिया में प्रकाशित होते हैं तो कानूनी रूप से बाध्यकारी हो जाते हैं। इसकी प्रक्रिया के अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा ड्राफ्ट तैयार किया जाता है। पब्लिक और स्टेकहोल्डर्स से सुझाव मांगे जाते हैं। संशोधन के पश्चात गजट में प्रकाशन के साथ ही नियम लागू हो जाते हैं। नियम न मानने पर यूजीसी संस्थानों की अनुदान राशि रोक सकता है, संस्थानों की मान्यता भी रद्द कर सकता है तथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी कर सकता है।

देश के सभी विश्वविद्यालयों व कालेजों में समानता को बढ़ावा देने तथा जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के साथ समाज के सभी वर्गों के लिए समान, सुरक्षित तथा सम्मानजनक माहौल बनाने के उद्देश्य से नया नियम लागू किया गया था, इसके लागू होने से पहले उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव से जुड़ी शिकायतें केवल एससी व एसटी समुदाय तक ही सीमित थीं परन्तु नये नियमानुसार इसमें ओबीसी वर्ग को भी जातिगत भेदभाव की श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। यदि भेदभाव व पक्षपात की शिकायतों पर नजर डालें तो यूजीसी द्वारा संसद और सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों के अनुसार पिछले 5 सालों में जातिगत भेदभाव की शिकायतों में 118.4% की वृद्धि हुई है। साल 2019-20 में कुल 173 शिकायतें दर्ज हुई थीं, तो वहीं 2023-24 में संख्या बढ़कर 378 हो गई।

# राशन विक्रेताओं पर दोहरी मार: खाली बोरे वापस लेगी सरकार, 500 से कम कार्ड वाली दुकानों का होगा विलय



**लखनऊ,** 11 मार्च 2026 प्रदेश में राशन वितरण व्यवस्था को लेकर सरकार नई नीति पर काम कर रही है। प्रस्तावित योजना के तहत जिन उचित दर की दुकानों पर 500 से कम राशन कार्ड जुड़े हैं, उन्हें अन्य दुकानों के साथ विलय करने की तैयारी की जा रही है। सरकार का मानना है कि इस कदम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार प्रदेश में लगभग 50 हजार से अधिक राशन विक्रेता इस निर्णय से प्रभावित हो सकते हैं। वर्तमान में कई ऐसी दुकानें हैं जिन पर राशन कार्ड धारकों की संख्या बहुत कम है, जिससे दुकानदारों की आय भी सीमित रहती है और वितरण व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन स्तर पर इन दुकानों के एकीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।राशन विक्रेताओं का कहना है कि वे लंबे समय से सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रहे हैं और सभी नियमों का पालन करते हैं। ऐसे में यदि छोटी दुकानों का विलय किया जाता है तो बड़ी संख्या में दुकानदारों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। विक्रेताओं ने यह भी बताया कि पहले राशन के बोरे और अन्य व्यवस्थाओं से होने वाली कुछ अतिरिक्त आय से दुकान का खर्च निकल जाता था, लेकिन अब कई व्यवस्थाओं में बदलाव होने से उनकी आमदनी पहले से कम हो गई है। यदि दुकानों का विलय लागू होता है तो कई विक्रेताओं के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो सकता है।वहीं प्रशासन का कहना है कि अभी इस विषय पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद ही कोई ठोस कदम उठाया जाएगा, ताकि राशन वितरण व्यवस्था सुचारु रहे और किसी पक्ष को अनावश्यक नुकसान न हो।विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस योजना को लागू किया जाता है तो सरकार को प्रभावित विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक व्यवस्था या मुआवजे पर भी विचार करना चाहिए, जिससे उनकी आजीविका सुरक्षित रह सके।

**पत्रकार- लव कुमार**

# दिल्ली पुलिस ने S.H.O को हटाया, महिला से की थी बदसलूकी

**संवाददाता:-अभिषेक कुमार**
विवाद एक वायरल वीडियो से शुरू हुआ। आरोप है कि सागरपुर थाने के पुलिस कर्मियों ने एक पीड़िता रेप सर्वाइवर की शिकायत दर्ज करने में न केवल आनाकानी की, बल्कि वहां मौजूद वकीलों के साथ भी बेहद अभद्र भाषा व्यवहार किया गया।

**विवाद के मुख्य बाते: -**
**अपमानजनक भाषा:-** वीडियो में पुलिसकर्मी वकीलों के खिलाफ अप्सब्द और धमकी भरी भाषा का प्रयोग करते नजर आए। वकीलों को रोकने का आरोप:- पुलिस ने कथित तौर पर एक महिला को वकील की मदद लेने से रोका और कहा कि अगर कोई वकील यहाँ आया तो उसे पीटा जाएगा

**पीड़िता पर दबाव:-**आरोप यह भी है कि पुलिस ने पीड़िता पर शिकायत को वापस लेने का दबाव बनाया और महीनों तक एफआईआर दर्ज भी नहीं किया। पुलिस ने क्या कार्यवाही किया? वकीलों के संगठन ने इस घटना के विरोध में थाने के घेराव की चेतावनी दी थी, जिसके बाद दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने तुरंत कार्यवाही के आदेश दिए!

**एसएचओ (SHO) लाइन हाजिर:-** सागरपुर थाने के एसएचओ राज कुमार को उनके कार्य पद से हटाकर डिस्ट्रिक्ट लाइन भेज दिया है।



**सब-इंस्पेक्टर (SI ) सस्पेंड:-** मामले में शामिल एक महिला सब-इंस्पेक्टर को तुरंत सस्पेंड कर दिया है।


**विजिलेंस जांच शुरू:-** पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विजिलेंस इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं।

**एक अन्य अधिकारी पर गाज:-** एसएचओ के साथ एक और एसआई को भी डिस्ट्रिक्ट लाइन भेजा गया है।

**वकीलों का पक्ष -** दिल्ली के अलग-अलग अदालतों जैसे पटियाला हाउस के वकीलों ने इसे पेशेवर गरिमा का अपमान बताया। वकीलों का कहना था कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं होगी, वे पीछे नहीं हटेंगे। पुलिस के इस एक्शन सस्पेंशन और लाइन हाजिर के बाद वकीलों ने अपना प्रस्तावित प्रदर्शन रद्द कर दिया।

**निष्कर्ष:-** वर्तमान में मामले की जांच चल रही है और विभाग यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है भविष्य में पुलिसकर्मियों का व्यवहार जनता और वकीलों के प्रति मर्यादित रहे।

Helpline No. 7982654944



ABHISHEK KUMAR
DELHI STATE HEAD

DELHI CRIME
WA
BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA NATIONAL NGO
भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बुलंद आवाज़
NITI AAYOG DARPAN REGN. NO. DL/2020/0260865 REGN. NO. S/RS/DW(SW)/1646/2019
C-1/511, NEW YADAV ENCLAVE, PREM NAGAR-3, NEAR CHAUDHARY BALDEV SINGH MODEL SCHOOL,DELHI-110086

dc press final:Layout 1 21-03-2026 07:56 Page 4





दिल्ली क्राइम प्रेस मे प्रेस रिपोर्टर को P R O LETTER के साथ नए उभरते लीडर को स्पोर्ट और जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही हैं



दिल्ली क्राइम प्रेस के मेहनती और बढ़िया लीडर को मान सम्मान के साथ नया रैंक लेने पर बधाई और पूरी इज्जत के साथ नवाजा जाता है



मुजफ्फरनगर दिल्ली क्राइम प्रेस जिला कार्यालय पर बैठक करते हुए टीम लीडर सत्येंद्र सैनी



तलोद पुलिस स्टेशन में जिला पुलिस अधिक्षक की उपस्थिती में इंस्पेक्शन और लोकदरबार आयोजित किया गया



मछली शहर, जौनपुर के दिल्ली क्राइम के ब्रांच आफिस में लहराया तिरंगा



राष्ट्रीय सनातनी संगठन के कार्यालय का भव्य उद्घाटन गन्ना राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने संगठन को दिया पूर्ण सहयोग का भरोसा



भारत सरकार पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान के आवास ए टू जेड कॉलोनी मुजफ्फरनगर पर पहुंचकर दिल्ली क्राइम प्रेस टीम लीडर न्यूजपेपर की प्रस्तुतीकरण कराकर न्यूज पेपर की कॉपी देते हुए रवि शंकर



संत शिरोमणि रविदास महाराज के 649वें जन्मोत्सव को बड़ी हुई धूमधाम से बनाया गया



RVM इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में न्यूजपेपर का प्रचार प्रसार करते हुए



भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संकल्प के साथ मेरठ में आयोजित हुई 'दिल्ली क्राइम प्रेस' की बैठक।



लखनऊ में गौ सेवा आयोग अध्यक्ष से पत्रकार सूरज सोनी की शिष्टाचार मुलाकात



दिल्ली क्राइम प्रेस मे लीडर को ऑफिस मे फील्ड मे उनके घर मे दिल्ली क्राइम के ब्रांच ऑफिस मे हर तरीके से उनका समान किट चाहे जैसे सर्विस की जरूरत हों दी जाती है



दिल्ली क्राइम के ब्रांच ऑफिस जगह-जगह खुलते ही जा रहे है अभी हाल मे दिल्ली क्राइम के टीम लीडर दिलीप राउत जी के द्वारा नॉर्थ दिल्ली के द्वारका मोड़ के पास रामा पार्क मे मुहूर्त किया गया जिधर सुचारु रुप से कार्य और टीम को सर्विस भी शुरू हो गई हैं

dc press final:Layout 1 21-03-2026 07:56 Page 5





**मुजफ्फरनगर** से निखिल सैनी सत्येंद्र सैनी **PRO लेटर** प्राप्त करते हुए



**दहेगाव** के खिलाड़ियों ने **राष्ट्रीय प्रतियोगिता** में जीता **स्वर्ण पदक**



**दिल्ली क्राइम** टीम लीडर और प्रेस रिपोर्टर **राज कुमार जी** अपनी टीम के लीडर **अशोक कुमार जी** पप्पू कुमार जी और मोनु जी के साथ गोविंद पूरी थाने मे एस एच ओ श्री नवीन कुमार जी औपचारिक **शिष्टाचार भेट** करते हुए **दिल्ली क्राइम प्रेस** के बारे संपूर्ण जानकारी देते हुए अन्य **जन कल्याण** मुद्दों पर विस्तृत बात चीत की जो बेहद शानदार रही इस मौके पर उन्हे **दिल्ली क्राइम रस्ट्रिय समाचार** पत्र की प्रति के साथ **स्मृति चिन्ह** भी भेट किया

## मुजफ्फरनगर थाना क्षेत्र काकरोली में दिल्ली क्राईम प्रेस न्यूज पेपर का प्रचार प्रसार करते हुए



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर थाना क्षेत्र काकरोली के ग्राम जटवाड़ा में दिल्ली क्राइम प्रेस टीम लीडर सत्येंद्र सैनी ने एरिया एडवाइजर डॉक्टर चतर पाल की टीम में दिल्ली क्राईम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ न्यू प्लान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और राजपाल व किशनलाल सैनी को दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा नेशनल हिंदी न्यूज पेपर की आजीवन सदस्यता किट व आ-ईडी कार्ड देकर सम्मानित करते हुए, इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे जोनल एडवाइजर नीलम सैनी, महेश कुमार, शिव कुमार मास्टर सहेद्रपाल सभी कार्यकताओं ने मिलकर जल्द से जल्द अपना न्यू प्रमोशन प्राप्त करने का आश्वासन दिया



**दिल्ली क्राइम** के टीम लीडर **बिहार** के **आरा जिले** मे चंदेश्वर जी अपनी टीम के लीडर बाल गोविंद जी मुन्ना सिंह व अन्य लीडर के साथ **दिल्ली क्राइम** की **ग्रूप मीटिंग** और **प्रचार परसार** करते हुए



**दिल्ली क्राइम प्रेस** के **रिपोर्टर चंदेस्वर सिंह** ने बिहार के भोजपुर जिले के भोजपुर जिले का बड़हरा क्षेत्र **(विधानसभा संख्या 193)** के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह 193 के विधान सभा के भाजपा के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह से **दिल्ली क्राइम** की अपनी टीम के साथ **शिष्टाचार भेट** की और **दिल्ली क्राइम** के बारे मे विस्तार से बताया



**गुडगाँव** के सेक्टर 29 मे **सरस आजीविका मेला** के लाइव शो मे **सिंगर जैस्मिन कौर** के साथ **दिल्ली क्राइम प्रेस** की टीम ने मुलाकात की

## गंगापुर-लासूर रोड पर भीषण सड़क हादसा, महिला की मौके पर मौत



**गंगापुर (संवाददाता) :** गंगापुर-लासूर रोड स्थित शिल्लेगांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें टू-व्हीलर और कंटेनर की टक्कर में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे की सूचना मिलते ही रुग्णवाहिका चालक शुभम वाघमारे तथा अनिकेत मुळक, संदीप गंडे, ओम वाघ, ऋषी मनोज चव्हाण, शाहरुख भाई पठाण, मयूर राजपूत, कार्तिक शापोला, सागर डमाळे, शुभम कारवाड, नितीन चव्हाण, प्रमोद, योगेश जयस्वाल, यश सोनवणे, भालेराव, कार्तिक चव्हाण एवं पुलिस कर्मचारी पीएसआई लक्ष्मण भोजने ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर सहायता कार्य किया। सभी की मदद से मृत महिला के शव को गंगापुर घाटी अस्पताल में दाखिल कराया गया। मृत महिला की पहचान आरती गव्हाणे (उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी घोडेगांव) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**रिपोर्ट : अशोक वर्णे दिल्ली क्राइम प्रेस**

# 21,000 करोड़ की दिल्ली शहरी बाढ़ नियंत्रण योजना को मिली हरी झंडी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सह-अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजधानी दिल्ली में आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में दिल्ली शहरी बाढ़ नियंत्रण योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई, जिसके लिए करीब 21,000 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। इस योजना के तहत ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा, बड़े नालों की सफाई की जाएगी, अतिरिक्त स्टॉर्म वॉटर चैनल बनाए जाएंगे और रियल-टाइम फ्लड मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य मानसून के दौरान शहरी बाढ़ के जोखिम को काफी हद तक कम करना है। मुख्यमंत्री ने आने वाले मानसून को ध्यान में रखते हुए इस योजना को समय पर लागू करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में ऊर्जा क्षेत्र को लेकर भी अहम चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ऊर्जा के उपयोग में संतुलन रखा जाए, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए, ब्लैक मार्केटिंग और जमाखोरी पर कड़ी निगरानी रखी जाए और किसी भी संभावित संकट के दौरान महत्वपूर्ण संस्थानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए दिल्ली में ऊर्जा मांग और आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की गई। एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत दिल्ली में अत्याधुनिक इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर और इंटीग्रेटेड कमांड ऐंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। ये केंद्र आपदा प्रबंधन के लिए मुख्य नियंत्रण केंद्र के रूप में काम करेंगे, जहां रियल-टाइम समन्वय, एआई और सैटेलाइट डेटा के जरिए पूवार्नुमान (प्रीडिक्टिव एनालिटिक्स) और तेज प्रतिक्रिया तंत्र विकसित किया जाएगा। इनका उपयोग बाढ़, भूकंप, आग और रासायनिक आपदाओं समेत सभी आपात स्थितियों में किया जाएगा। उपराज्यपाल ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाई जाए और समय पर उन्हें पूरा किया जाए। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को आपदा के प्रति अधिक सक्षम और सुरक्षित बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 सूत्रीय एजेंडे को मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में अपनाया जाएगा।

# दिल्ली में 'मौत का गड्ढा': जनकपुरी में 15 फीट गहरे गड्ढे ने ली युवक की जान



**संवाददाता:-अभिषेक कुमार, दिल्ली**

**घटना:-**25 वर्षीय युवक कमल ध्यानी की दिल्ली जल बोर्ड (DJB) द्वारा खोदे गए एक खुले गड्ढे में गिरकर मौत।

**स्थान:-**जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर के पास (B3B ब्लॉक) वेस्ट दिल्ली

समय:-हादसा गुरुवार (5 फरवरी 2026) की देर रात हुआ. शव शुक्रवार सुबह बरामद किया गया।

**लापरवाही:-** निर्माण कार्य साइट पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड था, न ही रात के समय लाइट या कोई बैरिकेडिंग। कैलाशपुरी निवासी कमल ध्यानी, जो रोहिणी स्थित एक कॉल सेंटर में कार्य करते थे, गुरुवार रात ऑफिस से घर लौट रहे थे। रात करीब 12:22 बजे उनकी बाइक अनियंत्र होकर सड़क के बीचों-बीच खोदे गए 15 से 20 फीट गहरे सीवेज के गड्ढे में बाइक जा गिरी। जिसके चलते तड़पकर हुई मौत बताया जा रहा है कि कमल पूरी रात उस गड्ढे में पड़े रहे। परिवार वालो ने रातभर उन्हें ढूंढने की कोशिश की, कई थानों के चक्कर काटे, लेकिन सुबह 8 बजे एक महिला द्वारा सूचना मिलने पर उनका शव बरामद हुआ।

**प्रशासनिक कार्यवाही और राजनीति**

**गिरफ्तारी :-** पुलिस ने मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में सब-कॉन्ट्रैक्टर राजेश प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया है।

**निलंबन:-** दिल्ली जल बोर्ड ने शुरूआती जांच के बाद तीन अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है।

**सियासी घमासान:-** इस घटना ने दिल्ली में AAP और BJP के बीच राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क पिछले कई महीनों से खुदी हुई है।

**परिवार वालो का गंभीर आरोप:-** कमल के परिवार का आरोप है कि यदि पुलिस और प्रशासन ने रात में मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर जागरूकता दिखाई होती, तो शायद कमल की जान बचाई जा सकती थी। भाई करण ने इसे हादसा नहीं बल्कि प्रशासनिक हत्या बताया है।

# गुजरात के साबरकांठा जिले को मॉर्डन रेल सुविधाओं का तोहफा मिला

साबरकांठा ज़िले को मॉर्डर्न रेल सुविधाओं का तोहफा मिला उदयपुर-असरवा वंदे भारत एक्सप्रेस को हिम्मतनगर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई गई उदयपुर-असरवा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को साबरकांठा ज़िले के हिम्मतनगर रेलवे स्टेशन से टढ शोभनाबेन बरैया ने हरी झंडी दिखाई।आज साबरकांठा ज़िले के यात्रियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। रेल मंत्रालय के एक अहम फैसले के मुताबिक, उदयपुर झ असरवा (अहमदाबाद) वंदे भारत एक्सप्रेस को अब हिम्मतनगर स्टेशन पर स्टॉपेज दिया गया है। इस स्टॉपेज से, हिम्मतनगर और साबरकांठा ज़िले के आस-पास



के इलाकों के लोग अब कुछ ही घंटों में अहमदाबाद या उदयपुर पहुँच सकेंगे। अहमदाबाद और राजस्थान के साथ सीधी और तेज कनेक्टिविटी से लोकल व्यापार, शिक्षा और टूरिज्म सेक्टर को बहुत फायदा होगा। "यह स्टॉपेज सिर्फ.एक ट्रेन रोकने का फैसला नहीं है, बल्कि हिम्मतनगर के विकास के लिए एक नया मील का पत्थर है। अब स्टूडेंट्स, व्यापारियों और मरीजों के लिए अहमदाबाद जाना ज्यादा आसान और आरामदायक हो जाएगा।" इस मौके पर राज्यसभा टढ श्रीमती रमीलाबेन बारा, राज्यसभा टढ मयंकभाई नायक, डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ललित नारायण सिंह संधू, चीफ पुलिस ऑफिसर डॉ. पार्थराज सिंह गोहिल, रेलवे डिपार्टमेंट के अधिकारी, अलग-अलग ऑफिस बेयरर्स और शहर के लोग मौजूद थे।

**जीतूभा राठौड़**
**साबरकाठा गुजरात**

## गाजियाबाद: धनवंतरी अस्पताल में प्रसूता की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप डॉक्टर फरार

**लोनी (गाजियाबाद)।** लोनी स्थित धनवंतरी अस्पताल में डॉक्टरों की कथित लापरवाही के कारण एक प्रसूता (महिला) की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में भारी तनाव व्याप्त है। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की अनदेखी की वजह से महिला की जान गई, जिसके बाद अस्पताल का स्टाफ और डॉक्टर मौके से फरार हो गए। परिजनों के अनुसार, महिला को प्रसव




(डिलीवरी) के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती के समय अस्पताल प्रबंधन ने उनसे 2000 जमा करवाए। डिलीवरी सफल रही, लेकिन उसके कुछ ही समय बाद महिला ने पेट में तेज दर्द की शिकायत की।

## तलोद के रणासन में दो जवेलर्स की दुकान पर चोरी घटना CCTV कैमरे में कैद



तलोद के रणासन में रात में तस्करों ने दो ज्वैलर्स की दुकानों पर धावा बोला तस्कर 1.90 लाख रुपये का सामान चुराकर भाग गए चोरी की पूरी घटना CCTV कैमरे में कैद हो गई पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर फरार तस्करों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है साबरकांठा जिले के तलोद तालुका के रणासन बाजार में बीती रात सोनी की दो दुकानों में चोरी हो गई। तस्कर कुल 1.90 लाख रुपये का सामान चुराकर भाग गए। विक्रांत सोनी ने इस बारे में तलोद पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता विक्रांत कोदरलाल सोनी की शिकायत के मुताबिक, अज्ञात चोरों ने राणासन में उनकी वाघेश्वरी ज्वैलर्स नाम की दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुस गए। उन्होंने करीब 950 ग्राम चांदी के छोटे-बड़े गहने चुरा लिए, जिनकी कीमत करीब 1,30,000 रुपये है।

इसके अलावा, एक सोने का स्क्रू और सोने का सिक्का मिला, कुल 4 ग्राम सोना जिसकी कीमत Rs 25,000 है और Rs 10,000 के दूसरे गहने भी चोरी हो गए। चोरों ने जयेशभाई के दीपांजलि ज्वैलर्स से भी करीब Rs 25,000 के गहने चुरा लिए। कुल Rs 1,90,000 की चोरी हुई। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और उउळश फुटेज जब्त कर लिया है और आगे की जांच कर रही है।

**जीतूभा राठौड़ तलोद गुजरात**






## SEARCH FOR MISSING/KIDNAPPED



Kiran

General Public is hereby informed that one female namely **Kiran D/o Ram Lakhan R/o H. No. B-44, Laxmi Park, Nangloi, Nilothi, Delhi Age:** 22 Years, **Height:** 5'1", **Complexion**: Wheatish, **Face:** Long, **Built:** Thin, wearing White colour Kurti and Megenta colour Salwar and White colour Slipper in feet, has been missing/kidnapped from her house since **14.03.2026** at **11:00 A.M.** In this regard a **DD No. 106A dated 14.03.2026, has been lodged at P.S. Safdarjung Enclave, Delhi.**

Sincere efforts have been made by the local police to trace out the female but no clue has come to light so far. If anyone having any information about her please inform to the undersigned.

Website : http://cbi.nic.in
E-mail : cic@cbi.gov.in
Fax: 011-24368639
Ph. No. : 011-24368638, 24368641

**SHO**
**P.S. Safdarjung Enclave, Delhi**
**Ph.: 011-26165080, 8750938971**

**DP/3366/SW/2026**

## गुमशुदा/अगवा की तलाश



किरन

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की एक महिला जिसका नाम **किरन पुत्रीः राम लखन पताः मकान नं. बी–44, लक्ष्मी पार्क, नांगलोइ, निलोथी, दिल्ली** है, जिसका व्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** 22 साल, **कदः** 5'1", **रंगः** साँवला, **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, जिसने सफेद रंग का कुर्ता और गुलाबी रंग का सलवार और पैरों में चप्पल पहना है। जो अपने घर से दिनांक **14.03.2026** को **11:00 बजे** से लापता / अगवा है।

इस संदर्भ में **DD No. 106A दिनांक 14.03.2026, थाना सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली में दर्ज किया गया है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस महिला के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने का प्रयास करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना सफदरजंग एन्क्लेव, दिल्ली**
**फोनः 011-26165080, 8750938971**

**DP/3366/SW/2026**


**हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख**

**प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार**

**सहयोगी संरक्षक**
**अनिल सेठी**

**सह कार्यकारी – संपादक दिनेश शर्मा**

**हमारे स्वतंत्र व सत्यापित रिपोर्टर**

| | |
|---|---|
| राजकुमार कश्यप | (दिल्ली) |
| मुकेश गुप्ता | (दिल्ली) |
| अशोक कुमार | (गुरुग्राम) |
| सुशील कुमार | (करनाल) |
| राम नरेश | (कुशीनगर) |
| मो.शरीफ | (दिल्ली) |
| अभिषेक कुमार | (दिल्ली) |
| राज हुसैन | (कुशीनगर) |
| ध्रुव सेठी | (पंजाब) |
| विक्रमादित्य सिंह | (सीधी) |
| सावित्री सिंह | (सीधी) |
| निखिल सैनी | (मुजफ्फरनगर) |
| सत्येंद्र सैनी | (मुजफ्फरनगर) |
| रविकरन सिंह अलीगढ | (उ. प्र) |

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।**



समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

**विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।**



**61/9 अशोक नगर दिल्ली - 110018**

**Customer Care No.**
**8744884766**




## ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE — HALF PAGE — QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹ 1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹ 60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹ 90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹ 66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹ 36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹ 51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹ 36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹ 21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹ 30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-



## विजयनगर के चिथोडा प्राइमरी हेल्थ सेंटर में ब्लड डोनेशन कैंप में 20 यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ





साबरकांठा जिले में चीफ डिस्ट्रिक्ट हेल्थ ऑफिसर की गाइडेंस में "ब्लड डोनेशन महादान" के मकसद से चिथोडा प्राइमरी हेल्थ सेंटर में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इस कैंप में, हेल्थ टीम द्वारा वनबंधु इलाके में ब्लड डोनेशन के महत्व के बारे में जोरदार पब्लिसिटी और अवेयरनेस के चलते कुल 20 यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ। इस ब्लड का इस्तेमाल हाई-रिस्क प्रेग्नेंट मांओं, नए जन्मे बच्चों के साथ-साथ ळइ, कैंसर और सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के समय पर इलाज के लिए किया जाएगा, जो जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होगा।

**रिपोर्टर : जीतूभा राठौड़**
**साबरकांठा गुजरात**

## डांट और रोक-टोक से नाराज होकर पिता की हत्या करने वाली लड़की गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर।** जनपद के थाना भोपा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोरना में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहाँ दो सगी बहनों ने मिलकर अपने ही पिता की नृशंस हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी कोमल और उसकी नाबालिग बहन को हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका पिता उन पर काफी रोक-टोक करता था और हर छोटी बात पर डांटता रहता था। बड़ी बहन कोमल (32 वर्ष) इस बात से भी नाराज थी कि उसके पिता ने अभी तक उसकी शादी नहीं की थी। अपनी योजना के तहत, बहनों ने पहले पूरे परिवार को खाने में नींद की गोलियां दे दीं। जब सब गहरी नींद में सो गए, तब रात करीब 3:00 बजे दोनों ने चाकू से वार कर अपने पिता की हत्या कर दी और शव को घर के दरवाजे के पास बुग्गी के पीछे छिपा दिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए दो चाकू, नींद की गोलियां और खाली रैपर बरामद कर लिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में भोपा पुलिस द्वारा आरोपियों को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

**रिपोर्टरः निखिल सैनी,**
**मुजफ्फरनगर।**



राजखंड गुप्ता एवं **आरती गुप्ता एरिया एडवाइजर** के द्वारा चंद्रोदय पैलेस, मजाउली में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अपनी टीम को **दिल्ली क्राइम** के बारे में समस्त जानकारी दी मौके पर सीनियर लीडर व **रिपोर्टर विक्रम आदित्य सिंह** जी भी मौजूद रहे

# मेरठ से दिल्ली दोडेगी मेट्रो 120 की रफ्तार से दिल्ली आना जाना हुआ आसान



लो आ गई मेरठ मेट्रो, 55 मिनट में दिल्ली, मोदीपुरम से मेरठ साउथ तक 120 किमी की तेज रफ्तार,मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक मेरठ मेट्रो का उद्घाटन होने वाला है, ये ट्रैक रैपिड रेल यानी नमो भारत से कनेक्ट होगा. ऐसे में मेरठ के अंदरूनी इलाकों से सीधे एक घंटे से कम समय में दिल्ली आने का रास्ता भी साफ होगा. यूपी में लखनऊ, कानपुर, आगरा, नोएडा और गाजियाबाद के बाद मेरठ मेट्रो के उद्घाटन की घड़ी आ गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 फरवरी को दिल्ली के सराय काले खां से मेरठ साउथ तक न केवल रैपिड रेल यानी नमो भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे. साथ ही 23 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर मेरठ में 13 स्टेशनों के बीच मेट्रो का भी आगाज करेंगे. 2019 में शुरू हुआ मेरठ मेट्रो प्रोजेक्ट सात साल में साकार हो रहा है. मेरठ साउथ से मोदीपुरम डिपो तक ये मेट्रो ट्रेन 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी. यह देश की सबसे तेज रफ्तार वाली मेट्रो होगी. मेरठ मेट्रो का यह पहला चरण है, जहां 13 स्टेशनों के बीच मोदीपुरम से मेरठ साउथ तक यह दौड़ेगी.

मेरठ के साथ उत्तर प्रदेश का ये पांचवां शहर होगा, जहां मेट्रो चलने लगेगी. जबकि गोरखपुर, झांसी, बरेली और वाराणसी में भी इसकी तैयारी चल रही है. दिल्ली से मेरठ अब घंटों नहीं 55 मिनटों में700 यात्री एक बार में मेट्रो में यात्रा कर सकेंगे 7 मिनट में आएगी मेट्रो हर मेट्रो स्टेशन पर 120 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ेगी 13 स्टेशनों के बीच मोदीपुरम से मेरठ साउथ तक मेरठ मेट्रो स्टेशन के 13 स्टेशनों में मोदीपुरम, मोदीपुरम डिपो, मेरठ उत्तर, डौरली, एमईएस कॉलोनी, बेगम पुल, भैसाली, मेरठ सेंट्रल, ब्रह्मपुरी, शताब्दीनगर, रिठानी, परतापुर और मेरठ साउथ हैं. मेरठ साउथ से रैपिड रेल पकड़कर दिल्ली या गाजियाबाद आया जा सकता है. मेरठ मेट्रो का उद्घाटन पी.एम मोदी मेरठ साउथ स्टेशन से पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे.7 मिनट में मेट्रो के फेरे से यात्रियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा. सभी मेट्रो स्टेशनों पर पेयजल, वॉशरूम के अलावा दिव्यांग यात्रियों के लिए भी उचित सुविधाएं दी गई हैं. मेरठ मेट्रो के दूसरे चरण में 13 किमी का ट्रैक बिछाया जाएगा.

मेरठ मेट्रो के स्टेशन, एलिवेटेड, अंडरग्राउंड और भूतल पर बने हैं. मेरठ मेट्रो टाइमिंग मेरठ मेट्रो सोमवार से शनिवार तक सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी. जबकि रविवार को मेट्रो की टाइमिंग रविवार सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक चलेगी. ट्रेन पीक ऑवर में 5 से 10 मिनट के भीतर आएगी. जबकि खाली समय में इसमें 10 से 15 मिनट का समय लग सकता है

**रिपोर्टर सत्येंद्र सैनी**

# फिल्म सैट पर दिल्ली क्राइम प्रैस की धूम




9 फरवरी बृहस्पतिवार को गुरूग्राम के शिवपुरी में 'बॉबी मूवी प्रोडक्शन' हाउस के तले बन रही हिंदी फिल्म,'क्रेजी फोर डांस 2' की शूटिंग के दौरान दिल्ली क्राइम प्रैस के रिपोर्टर अशोक कुमार के साथ मीडिया एसोसिएट शंभू प्रसाद पहुंचे और फिल्म के हीरो बॉबी धवन का एक छोटा सा इन्टरव्यू लिया। फिल्म के डायरेक्टर नीरज सहाय तथा लेखक सुमित सिंह हैं। जैसा फिल्म के नाम से ही पता लगता है कि फिल्म की कहानी डांस अर्थात नाचने के प्रति जुनून रखने वाले लोगों के शौक और हौंसले की कहानी है और साथ ही डांस को कैरियर के तौर पर भी कैसे अपनाया जा सकता है, जिसके बारे में पूरी तरह से जानने के लिए फिल्म देखने पर ही पता चल पायेगा। अभी फिल्म फ्लोर पर है और बहुत जल्द ही यह आप सभी के सामने पर्दे पर भी होगी। बॉबी धवन के अलावा फिल्म के मुख्य कलाकार शिप्रा, सिमरन, साक्षी, मनीषा, हिमांशी, गौरव, अमन शाह, विवेक वर्मा, लखन, नफीस खान, काशिफ राजा, सलमान अली, शानू, वर्षा और कुणाल शाह हैं।

**अशोक कुमार**
**दिल्ली क्राइम प्रैस**

## शेष भाग पेज नम्बर 1 का

**निर्मम होती दिल्ली ....**

गंभीर रूप से घायल तरुण कुमार को अस्पताल ले जाया गया, जहां बृहस्पतिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। दिल्ली पुलिस इस हत्याकांड में पहले ही एक नाबालिग समेत 8 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एफआईआर में कई धाराएं लगाई गई हैं। जिसमें हत्या के आरोप के साथ-साथ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। तरुण की मौत के बाद शुक्रवार को इलाके में तनाव काफी बढ़ गया। हिंदू संगठनों ने घटना का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़कों को जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। तनाव को देखते हुए इलाके की कई दुकानों को एहतियातन बंद रखा गया। दिल्ली प्रशासन की ओर से मामले में कड़ी कार्रवाई की गई है। मुख्य आरोपी के घर को रविवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। इसके अलावा, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस उनकी धरपकड़ में लगी है। वहीं परिजनों ने पुलिस जांच पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले को एस आई टी या क्राइम ब्रांच या सी बी आई से करवाने की मांग की है। उनके अनुसार उनको सरकारी नौकरी नहीं चाहिए बल्कि दिल्ली में योगी माडल चाहिए। आरोपियों के घर जमींदोज कर दिए जाएं तथा आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

## DELHI CRIME PRESS की सदस्यता के लाभ

इच्छुक व्यक्ति समाचार पत्र की आजीवन सदस्यता प्राप्त करने के लिए संपर्क कर सकते हैं।
सदस्यता लेने के बाद मिलने वाले फायदे।
प्रभावशाली गौरवशाली राष्ट्रीय सेवा को समर्पित रोजगार।
निशुल्क विज्ञापन (एक विजिटिंग कार्ड साइज)।
सदस्यता पहचान पत्र व पेन।
दिल्ली क्राइम भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के स्टीकर (कार व बाइक के लिए)।
अपने क्षेत्र में अपने राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या पर लेख समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने का सुअवसर।
दिल्ली जर्नलिज्म एंड इन्वेस्टिगेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट (पत्रकारिता प्रशिक्षण संस्थान) से प्रशिक्षण प्राप्त कर पत्रकार बनने का सुअवसर

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA
दिल्ली क्राइम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा
Delhi Journalism & Investigation Research Institute

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक इंद्रा द्वारा रॉयल ऑफसेट, 489 एफ.आई.ई, पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली - 110092 से मुद्रित कराकर एम 64, हरी नगर, नई दिल्ली -110064 से प्रकाशित किया गया। संपादक : इंद्रा
Customer Care No. 8744884766, For News & Advertisement 8744882188, Email- info@delhicrimepress.in, website - delhicrimepress.in